**कार्यालय आयुक्त/पदेन सचिव**
**छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति**
**(भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा प्रवर्तित एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित)**
**ब्लॉक 4 डी, भूतल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर**
website - eklavya.cg.nic.in ☎ - 2263708 Fax - 2262558 E mail - eklavya.ctd@gmail.com

क्रमांक/File No.:STU/183/2026/Comp. No.:380430 नवा रायपुर, दिनांक 03/08/2026

# शिक्षण सत्र 2026–27 में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा–6वीं प्रवेश हेतु द्वितीय चरण की ऑनलाईन काउंसलिंग की तिथि में वृद्धि किये जाने संबंधी सूचना

---000---

शिक्षण सत्र 2026–27 में प्रदेश में संचालित 75 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा–6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित प्राक्चयन परीक्षा का परिणाम घोषित किया जाकर प्रथम चरण के काउंसलिंग उपरांत चयन सूची जारी की जा चुकी है। कक्षा–6वीं प्रवेश की अंतिम प्रक्रिया के तहत रिक्त सीटों के लिये दिनांक 28.07.2026 से 01.08.2026 तक द्वितीय चरण की ऑनलाईन काउंसलिंग हेतु चयनित अभ्यार्थियों की सूची, काउंसलिंग केन्द्र एवं अन्य विस्तृत विवरण विभागीय वेब पोर्टल https://eklavya.cg.nic.in पर उपलब्ध करायी गयी है।

अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के ऑनलाईन काउंसलिंग एवं प्रवेश प्रक्रिया को दृष्टिगत रखते हुये द्वितीय चरण की काउंसलिंग किये जाने हेतु **दिनांक 03.08.2026 से 07.08.2026** तक ऑनलाईन काउंसलिंग की तिथि में वृद्धि की जाती है।

शिक्षण सत्र 2026–27 में कक्षा–6वीं में प्रवेश के लिये ऑनलाईन काउंसलिंग हेतु चयनित अभ्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वेब पोर्टल https://eklavya.cg.nic.in का अवलोकन कर ऑनलाईन काउंसलिंग एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु कक्षा 5वीं की मूल अंकसूची (मार्कशीट), मूल निवास प्रमाण पत्र, स्थायी जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, विशेष श्रेणी के अभ्यर्थी होने पर उक्त श्रेणी के संबंध में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र इत्यादि के साथ दिनांक 07.08.2026 तक निर्धारित काउंसलिंग केन्द्र में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा–6वीं प्रवेश हेतु काउंसलिंग से संबंधित समस्त प्रकार की सूचना वेबसाईट पर प्रदर्शित की जावेगी अतः अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि नियमित रूप से वेबसाइट https://eklavya.cg.nic.in का अवलोकन करते रहें।

**(आयुक्त/पदेन सचिव द्वारा अनुमोदित)**

**अपर संचालक**
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
छत्तीसगढ, नवा रायपुर अटल नगर

Digitally signed by
ACHCHHE RAM NAVRANG
Date: 03-08-2026
16:28:55